


### एक नजर में

## बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**राजगढ़ 10 जुलाई, का.** शासकीय नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्नातकोत्तर महावि?द्यालय ब्यावरा में 6 दिवसीय बी.एल.ओ. प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्रीमती गीतांजली शर्मा, विधानसभा क्षेत्र-161 ब्यावरा के निर्देशन में दिया जा रहा है. जिसमे तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुभाष अलावे द्वारा के कार्यक्रम दूसरे दिवस में उदभोदन कर प्रात: 9 बजे प्रशिक्षण की शुरुवात की गयी. उनके द्वारा विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा के मतदान केन्द्र क्रं. 51 से लेकर 100 तक के उपस्थित बूथ लेवल अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता तथा मतदाता सूची के पूर्ण शुद्धीकरण किये जाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देशों से अवगत कराया. प्रशिक्षण का प्रारंभ बी.एल.ओ. ई-अटेंडेंस प्रथम सत्र (ऑनलाईन उपस्थिति) के उपरांत मास्टर ट्रेनर श्री प्रमोद कुमार सक्सेना एवं श्री सुरेश कुमार वर्मा द्वारा प्रथम सत्र में निर्वाचन संबंधी संवैधानिक प्रावधान, दूसरे सत्र में श्री गिरीश शर्मा द्वारा बी.एल.ओ. की जिम्मेदारी और कर्तव्य, तीसरे सत्र में श्री संजय पुरी द्वारा निर्वाचन नामावली फार्म क्र. 6, 7 एवं 3 को भरने की जानकारी, चतुर्थ-सत्र में श्री रामबाबू वर्मा द्वारा बूथ जागरुकता ग्रुप, पॉचवे सत्र में श्री अरविन्द मीना द्वारा रोलप्ले, कैस स्टडी ग्रुप का गठन एवं गतिविधि तथा अंत में परीक्षा एवं मूल्यांकन जो कि सम्पूर्ण सत्रो पर आधारित था। आयोग द्वारा उपलब्ध गुगल लिंक के माध्यम से परीक्षा ली गई, जिसमें 30 प्रश्न के उत्तर बी.एल.ओ. द्वारा दिये गये. जिसका त्वरित परिणाम उनको मोबाईल पर उपलब्ध हो गये. आयोग के आदेशानुसार प्रशिक्षण के दौरान चाय व भोजन की व्यवस्था रखी गई. उपरोक्त प्रशिक्षण के 6 बैच है जो 16 जुलाई, 2025 तक चलेगा. प्रशिक्षण का मुख्य उद्दे श्य बी.एल.ओ. द्वारा मतदान केन्द्र की निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित अपडेट करना, जिसके लिये घर-घर सर्वेक्षण कर नये नाम मतदाता सूची में जोड़ना या हटाना तथा सही जानकारी मतदाता सूची में उपलब्ध कराना कोई पात्र नागरिक नामावली से वंचित न रहे और अपात्र लोगों के नाम हटाए जाएँ. प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन शाखा ब्यावरा से एमएल मीणा, अनिल यादव, गोपाल यादव, सुश्री रानू साहू उपस्थित थे.

## घरेलू कनेक्शन नहीं होगी व्यवसायिक गतिविधियां

**राजगढ़ 10 जुलाई, का.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि ऐसे उपभोक्ता जो अपने आवासीय परिसर में रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट, प्रायवेट हॉस्टल या अन्य व्यवसायिक गतिविधियों जैसे कोचिंग क्लासेस, ब्यूटी पार्लर आदि चलाते हैं, उन्हें कंपनी ने सलाह दी है कि वे मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल अथवा के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर अपने प्रयोजन को घरेलू से गैर घरेलू (व्यवसायिक) श्रेणी में परिवर्तित करवा लें. कंपनी ने उपभोक्ताओं से यह भी अपील की है कि उपभोक्ता ने जिस प्रयोजन के लिए विद्युत कनेक्शन लिया है, उसी के अनुसार विद्युत का उपभोग करें. उदाहरण के लिए यदि किसी उपभोक्ता ने घरेलू लाइट और फैन का कनेक्शन लिया है तो वे केवल उस परिसर को निवास के रूप में उपयोग करें. कंपनी ने बताया कि सघन चैकिंग अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधि आवासीय परिसर में संचालित की जा रही है तो ऐसी गतिविधियों को गैर घरेलू प्रयोजन में माना जाएगा और संबंधित दोषी उपभोक्ता से जुर्माना वसूल किया जाएगा.







# गुरुवंदना में झुके सिर, आश्रमों पर पहुंचे श्रद्धालु

### जिले भर में गुरूपूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया, आश्रमों पर विशेष पूजा और सजावट की गई, एक दिन पहले से भजन कीर्तन शुरू हुए

**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 10 जुलाई, सं.** गुरुपूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सारंगपुर द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें ईश्वरीय परिवार के बहन भाइयों ने दीप प्रज्वलित कर शिव स्मृति के साथ शुभारंभ किया. सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी ने गुरुपूर्णिमा की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु वह जो पूर्ण हो,और इस सृष्टि मे पूर्ण सिर्फ परमात्मा है. परमात्मा ही परम सद्गुरु है ,वही सद्गति दाता है।परमात्मा की याद से ही हमारे विकर्म विनाश होते है. हमें जीवन मुक्ति एक परमात्मा ही दे सकते हैं. शिक्षिका आशा दुबे, करुणा सक्सेना, सरोज पवार, खरे ने भी अनुभव साझा किए. साथ ही दुर्गेश भाई, आनन्दी लाल गुप्ता, नरेंद्र मकोड़िया आदि ने सम्मान किया.

### गुरु पूर्णिमा उत्सव रायल हाइट्स स्कूल में मनाया

**जीरापुर 10 जुलाई, सं.** रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व हर्षोल्लास से श्रद्धा,भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया. जहां पर कार्यक्रम की शुरुआत वेद मंत्रों और गुरु वंदना के साथ हुई. अतिथि गिरिराज गुप्ता ने विद्यार्थियों को गुरु की महिमा के बारे में बताया. संचालक रणधीर सिंह ने विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा के महत्व पर बताया. इस अवसर पर संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह ,प्राचार्य शैलेंद्र जोशी सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा.

### एडवांस्ड किड्स एकेडमी में उत्सव

**जीरापुर 10 जुलाई, सं.** भारतीय संस्कृति परंपरा में आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा का अपना विशेष महत्व है इस दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है. एडवांस्ड किड्स एकेडमी में गुरु पूर्णिमा पर्व पर प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को इसका महत्व बताया. जिसमें कक्षा 10 पृथ्वी हाउस की विद्यार्थी यशिका शर्मा , अग्रिम पुष्पद ने एक कविता प्रस्तुत की. यशिका शर्मा, यश्वी गुप्ता और माधवी व्यास द्वारा एक सुंदर गीत की प्रस्तुति दी गई. प्रधानाचार्य ई के जोशी ने कहा कि विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा के दिन गुरू का पुजन कर उनका आशीर्वाद लेना चाहिए गुरु का दर्जा भारतीय संस्कृति में सबसे अव्वल है.

### महंत लाल दासजी की मूर्ति का अनावरण

**कुरावर 10 जुलाई, सं.** अगर मैं हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर के श्री राम मंदिर में महंत स्वर्गीय श्री लाल दास जी त्यागी के मूर्ति का अनावरण श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर रामकिशन दास महाराज व विधायक मोहन शर्मा ने मूर्ति का अनावरण किया. साथी उन्होंने रामकिशन दास महाराज का सम्मान किया. पंडित नरेंद्र नगर के आश्रम पर पहुंचकर आशीर्वाद लिया. भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी विधायक मोहन शर्मा का राजनीतिक गुरु के रूप में शाल श्रीफल से सम्मान किया. इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि हमारे जीवन में गुरु का होना अति आवश्यक है. इसी दौरान पवन शर्मा, संतोष तिवारी, संतोष शर्मा के यहां भी शिष्य सुबह से लेकर देर रात तक गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाने पहुंचे. इस मौके पर उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश मंडलोई,के साथ सैकड़ो श्रद्धालु कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### राजनाथ योगाश्रम पाठशाला पर मनाया गया गुरु उत्सव

**सुठालिया 10 जुलाई, सं.** गुरूवार को नगर के सुरम्य अतिप्राचीन सिद्ध स्थल श्री राजनाथ योगाश्रम पाठशाला पर गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया. इस मौके पर श्री श्री 1008 श्री राजनाथ, श्री गिरधारीनाथ, श्री गोविंदनाथ, श्री बाबूनाथ जी का समाधि पूजन अभिषेक हवन शांति पश्चात गुरु महाराज श्री बालकनाथ जी का पाद पूजन हुआ. इसके पश्चात गुरु दीक्षा कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन हुआ. आश्रम पर बुधवार से ही साधकों का आना शुरू हो गया था रात्रि में भजन मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन एवं रात्रि जागरण का कार्यक्रम हुआ गुरु उत्सव पर राजगढ गुना सीहोर विदिशा भोपाल आदि जिलों के साधक बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक महिला पुरुष बच्चे आदि शामिल हुए. वहीं अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा कंचन हरि गार्डन पर गुरु पूजन का आयोजन किया. घोघरा घाट स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया. भारत माता मंदिर, खनोटा देव बडली पर भी गुरू पूर्णिमा उत्सव से मनाया गया. यहां कैलाशवासी पं. हरिनारायण शर्मा परधानीकुंडल वाले के चित्र के समक्ष सभी ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर पं. बैनी प्रसाद वशिष्ठ अधिष्ठाता संस्कृत वैद विद्यालय आवान, पं.जुगल किशोर शर्मा की चरण वंदना कर उन्हें उपहार भेंट किए.

### कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कार्यक्रम आयोजित

**राजगढ़ 10 जुलाई, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश के पालन में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ वी.बी. खरे के उद्बोधन के साथ किया गया. इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अवर सचिव संसदीय कार्य मंत्रालय भोपाल बृजेशवर शर्मा एवं सेवा निवृत्ति शिक्षक सत्यनारायण शर्मा पूर्व प्राचार्य एवं सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डॉ. एमएल गुप्ता एवं डॉ. आर.के शर्मा उपस्थित हुए. कार्यक्रम संयोजक डॉ. मंगलेश सोलंकी द्वारा छात्र-छात्राओं को गुरु शिष्य परंपरा से अवगत करवाया गया. कार्यक्रम का संचालन सुश्री आराधना यादव द्वारा एवं आभार प्रोफेसर मोहनपुरा द्वारा माना गया. साथ ही मुख्य अतिथियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रजनी खरे, सुश्री सीमा सिंह, प्रकाश अहिरवार, डॉ सुभाष दांगी, डॉ सुनीता साहू, श्रीमती जया मोदी, डॉ दिनेश मालवीय एवं समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे.

### आज से श्रावण मास की शुरूआत, शिवालय सजेंगे

**ब्यावरा 10 जुलाई, का.** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिले भर में मंदिरों, आश्रमों एवं सार्वजनिक स्थानों पर गुरु वंदना के आयोजन कर गुरुजनों से आशीर्वाद लिया गया. गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए गुरु का स्थान सर्वोपरि बताया. नगर की आध्यात्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री विश्व प्रेम मंदिर ट्रस्ट पर गुरु पूर्णिमा पर्व पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाया गया. विश्व प्रेम ध्वज फहराकर ध्वजवंदन गान के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ. मुख्य अतिथि शिक्षाविद् डा. केदारनारायण जोशी रहे. विशेष अतिथि पूर्व कुलपति डा. राधाबल्लभ त्रिपाठी रहे. संस्थाध्यक्ष अशोक दांगी, प्रो. अरविंद भारद्वाज, प्रबोध गुप्ता, अशोक भार्गव, सत्यप्रकाश गुप्ता एवं सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया. गोपाल भजन मंडल पड़ोनिया द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी. वक्ताओं ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन परंपरा में सर्वश्रेष्ठ गुरु भगवान श्रीकृष्ण को बताया गया है. उन्होंने अर्जुन के माध्यम से श्रीभगवत् गीता के रुप में सभी जनसमुदाय के लिए 700 श्लोक में ज्ञान प्रदान करा है. श्री त्रिपाठी ने कब किसको ईश्वर मिल जाये सुंदर भजन की प्रस्तुति दी. गुरु की महत्ता बताते हुए पूज्य गुरुदेव के रोचक संस्मरण प्रसंग सुनाएं. आभार संस्थाध्यक्ष अशोक दांगी ने माना. संचालन संस्था सदस्य प्रशांत विजयवर्गीय ने किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

### शिव आराधना में लीन होंगे भक्त

ब्यावरा. भगवान शिव शंकर की विशेष आराधना का पर्व श्रावण माह आज से प्रारंभ हो रहे है. शिव मंदिरों, प्राचीन शिवालयों में भक्तों का तांता लगेगा. अभिषेक, पूजा-अर्चना, दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों पर पहुंचना शुरु हो जाएगा. वैसे तो सारे श्रावण माह धार्मिक आयोजन रहेंगे किंतु श्रावण माह के सोमवार को विशेष आयोजन होंगे.

### राज्यमंत्री गुरु पूर्णिमा पर आश्रमों में पहुंचे



**राजगढ़ 10 जुलाई, का.** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रदेश सरकार के राज्य. मंत्री (स्वहतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग नारायण सिंह पंवार ने विभिन्न आश्रमों और धार्मिक स्थलों का दौरा कर संतों और महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया. इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की. राज्यी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने अपने दिन की शुरुआत बादलपुरा आश्रम से की, जहाँ उन्होंने मां बगलामुखी के दर्शन एवं पूजन कर उपस्थित श्री निलेश गुरुजी से भेंट की. इसके उपरांत, उन्होंने सलेपुर स्थित गुरु स्थान, सुठालिया के कबीर पंथी आश्रम और राजगढ़ स्थित बम बम आश्रम सहित कई अन्य आश्रमों का भी दौरा किया. प्रत्येक स्थान पर उन्होंने साधु-संतों का सम्मान किया और उनसे आशीर्वाद लिया. उन्होंने प्रदेश के विकास और जन कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों पर भी चर्चा की. राज्य मंत्री (स्वातंत्र प्रभार) श्री पंवार ने इस अवसर पर कहा, गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है. इन महान आत्माओं का आशीर्वाद हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में शक्ति प्रदान करता है. उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से भी गुरुओं के आदर्शों का पालन करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया.

### वैदिक रीति से हुआ बच्चों का विद्यारंभ संस्कार

**ब्यावरा 10 जुलाई, का.** प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ब्यावरा में गुरु पूर्णिमा पर्व पर बच्चों का विद्यारंभ संस्कार वैदिक रीति के साथ सम्पन्न हुआ. आयोजन में अखिल विश्व गायत्री परिवार ब्यावरा के किशोर जानोरिया, महेशचंद्र जयपुरिया एवं कुलदीप पंवार द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन कराया गया. बच्चों ने विद्यारंभ संस्कार परंपरागत विधि विधान के साथ किया. शिक्षा के साथ ही विद्या की महत्ता बताई. प्राचार्य राजेश मंडलोई, शिक्षकगण, बच्चे उपस्थित रहे. आयोजन का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं गुरुत्व परंपरा के प्रति आस्था एवं सम्मान का भाव जाग्रत करना है.

# लॉ कॉलेज की मान्यता मिली निर्विंध्या को

**जिले का पहला अशासकीय विधि कॉलेज ब्यावरा में**

**बार काउंसिल नई दिल्ली से कई अनुमतियों के बाद मान्यता**



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 10 जुलाई, का. बार काउंसिल ऑफ नई दिल्ली द्वारा राजगढ़ जिले के पहले निजी विधि महाविद्यालय के रूप में निर्विन्ध्या विधि महाविद्यालय को मान्यता दे दी गई है. अशासकीय तौर निर्विन्ध्या महाविद्यालय ग्रुप की यह बड़ी उपलब्धि है.**

गौरतलब है कि पिछले साल सीबीआई द्वारा प्रदेश व्यापी किए गए जांच अभियान में भी जिले में मात्र निर्विंध्या नर्सिंग कॉलेज को ही क्लीन चिट मिली थी. अब इसी ग्रुप को विधि महाविद्यालय की भी मान्यता मिल गई है. नवीन निर्विन्ध्या विधि महाविद्यालय प्रारंभ होने पर महाविद्यालय के संचालक कुलदीप सक्सेना ने बताया कि हमारा उद्देश्य राजगढ़ जिले को शिक्षा के माध्यम से अधिकाधिक जागरूक और सशक्त बनाना है. उन्होंने कहा कि शिक्षा से उन्नति के द्वार खुलते है. हमारा प्रयास है कि निर्विंध्या ग्रुप न केवल राजगढ़ जिले के युवाओं के माध्यम से जिले के विकास में बल्कि प्रदेश के विकास में अपनी प्रभावी सहभागिता निभाएं. कुलदीप सक्सेना ने बताया कि महाविद्यालय में इसी सत्र 2025- 26 से 3 वर्षीय एवं ऑनर्स 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं. जिले में विधि पाठ्यक्रमों को शुरू करने का हमारा मूल उद्देश्य यही है कि यह ऐसे पाठ्यक्रम है जो रोजगार मूलक एवं व्यावसायिक होने के साथ-साथ नागरिकों को आत्म सम्मान और स्वाभिमान से जीना सिखाते हैं. आधुनिक युग जितना डिजिटल होता जा रहा है उसमें अपराध साइबर अपराध और ठगी के मामले भी बढ़ रहे है. समय के साथ इन चुनौतियों का मुकाबला शिक्षा से ही किया जा सकता है. इस कार्य में हम सभी के सहयोग से सहभागिता निभाने का प्रयास कर रहे है.

# आईपीएस स्कूल में विद्यारंभ संस्कार किया

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 10 जुलाई, का. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, ब्यावरा में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नर्सरी कक्षा के बच्चों का विद्यारंभ संस्कार वैदिक रीति से संपन्न कराया गया.** इस विशेष आयोजन में अखिल विश्व गायत्री परिवार ब्यावरा के किशोर जनोरिया, महेश चंद्र जयपुरिया एवं कुलदीप पंवार द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन कराया. जिसमें बच्चों का विद्यारंभ संस्कार परंपरागत विधि-विधान से किया. संस्कार के दौरान बच्चों को लेखन प्रारंभ करवाया और उन्हें शिक्षा के साथ विद्या की महत्ता से अवगत कराया गया. इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य राजेश मंडलोई, समस्त शिक्षकगण, शिक्षिकाएं तथा एवं प्री-प्राइमरी कक्षाओं के सभी बच्चे उपस्थित रहे.



### ब्रह्माकुमारी आश्रम में मनाई गुरु पूर्णिमा

**राजगढ़ 10 जुलाई, का.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजगढ़ के शिव वरदान भवन में बड़े उमंग उत्साह के साथ गुरु पूर्णिमा मनाई गई. इस अवसर पर बीके ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने सभी को शुभकामना देते हुए कहां की गुरु ही एक पूर्ण मां जो हमें सच्चा ज्ञान देकर जीवन जीने की एक सही राह दिखाती है एवं प्रकाश की ओर ले जाती है. इसी तरह स्वयं परमपिता परमात्मा परम सद्गुरु जो वर्तमान समय हर मानव मात्र को गति सद्गति देने की शिक्षा दे रहे हैं. वहीं दीपिका दीदी ने गुरु पूर्णिमा का आध्यात्मिक रहस्य को समझाते हुए कहा कि आज अपने गुरुओं के प्रति आदर भाव एवं श्रद्धा भाव प्रकट करने का यह दिन है. इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज की जिला प्रभारी बीके मधु दीदी ,रिटायर्ड कॉलेज प्रोफेसर एमएल गुप्ता, रिटायर्ड हेड मास्टर एन एल जाटव रिटायर्ड शिक्षक सत्यनारायण शर्मा समाजसेवी प्रताप सिंह सिसोदिया ने दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया द्य तीनों ही रिटायर्ड शिक्षकों को ब्रह्माकुमारी मधु दीदी द्वारा सोल और ईश्वरीय सौगात देकर के सम्मानित किया.

**संक्रमण** ▶ **खिलचीपुर में महामारी ने पैर पसारे, मरीजों की संख्या बढ़ी, पेट दर्द, उल्टी-दस्त और बुखार की हो रही शिकायत**

# बीमारों में अधिकांश कैम्पर, आरओ का पानी पीने वाले

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा/खिलचीपुर 10 जुलाई, सं.** जिले के खिलचीपुर नगर में एकाएक बीमारियों का प्रकोप बढ़ने से हर कोई चिंतित है. हर दूसरे-तीसरे घर में घर का कोई न कोई सदस्य बीमार है. यही नहीं कुछ परिवारों में तो एक से कहीं अधिक सदस्य बीमार है. पेट दर्द, उल्टी-दस्त, बुखार की शिकायत प्राय: लोगों में देखी जा रही है. स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रथम दृष्टय दूषित पानी पीने के कारण बीमारी फैलना बताया जा रहा है. नगर में मरीजों की बढ़ती संख्या ने प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग की चिंता बड़ा दी है. किंतु इन सबके बीच चौंकाने वाली बात यह है कि बीमार लोगों में 70 प्रतिशत मरीज केम्पर, आरो का पानी पीने वाले है.



### पीने के उपयोग नहीं लेते पानी

जानकारी के अनुसार खिलचीपुर नगर में नलों का पानी पीने वालों की संख्या का प्रतिशत न के बराबर है. जानकारी के अनुसार बहुत ही कम लोग नलों का पानी पीते है. अधिकांशत: घर, दुकानों, प्रतिष्ठानों में केम्पर, आरोप के पानी का ही उपयोग किया जाता है. नपं एवं स्वास्थ्य विभाग के सर्वे में भी यह बात सामने आई है.

विदित है कि खिलचीपुर में पेट दर्द, उल्टी-दस्त, बुखार आने की शिकायत लोगों में होने पर वह शासकीय अस्पताल, क्लीनिक, मेडिकल स्टोर पर दवाएं लेने, उपचार कराने पहुंच रहे है. मरीजों की बढ़ती संख्या ने खासा चिंतित कर दिया है. नगर में दर्जनों लोग उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचे. साथ ही प्रायवेट क्लीनिक, मेडिकल स्टोर पर भी अनेक मरीज इन बीमारियों का ईलाज कराने पहुंच रहे है. नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी बीमारी फैल रही है.

**अनेक कर्मचारी भी बीमार**

जानकारी के अनुसार नगर में बीमार लोगों की संख्या दर्जनों में है. आमजन के साथ ही शासकीय कर्मचारी भी बड़ी तादाद में बीमार हुए है. सिविल अस्पताल के कर्मचारियों सहित नगर परिषद, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मचारी भी बीमारी की चपेट में आ गये है.

नलों का पानी नहीं पीते लोग

खिलचीपुर में प्राय: यह बात सामने आई है कि अधिकांशत: नागरिक नलों से आना वाला पानी नहीं पीते है. शुरु से ही इस तरह की धारणा है कि पेयजल सप्लाई का आने वाला पानी पूर्णत: फिल्टर होकर नहीं आता है. जिसके चलते लोग आरो, ट्यूबवेल, हेण्डपम्प व अन्य जल स्त्रोतों का पानी पीने में उपयोग करते है.

### विभाग के अनुसार 40 लोग बीमार

जहां नगर में बीमार होने वाले मरीजों की संख्या दर्जनों में है. वहीं स्वास्थ्य विभाग के रिकार्ड में मरीजों की संख्या 40 ही बताई जा रही है.

बीमार लोगों में 70 प्रतिशत आरो का पानी पीते है. स्वास्थ्य विभाग की टीमो ने मौके पर पहुंचकर सर्वे कर उपचार शुरु कर दिया है. वॉटर सैंपल, स्टूल सैंपल लिए जाकर पेयजल शुद्धिकरण हेतु सीएमओ, नगर पालिका एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पीएचई विभाग को अवगत कराया गया है.

**डा. महेन्द्रपाल सिंह, जिला महामारी नियंत्रक अधिकारी**

प्रशासन द्वारा कुएं, बावड़ी सहित अन्य जल स्त्रोंतो में क्लोरिनीवेश करने के निर्देश के चलते नपं द्वारा जल स्त्रोंतो में क्लोरिनीवेशन किया जा रहा है.

**अनिल जोशी सीएमओ नपा खिलचीपुर**


**In The Court Of VI Judge Class-1, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer:**
सुश्री अर्चना मर्सकोले
(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक)
(MJC SUC/0000005/2024)
भेरूलाल मेवाड़े ...... आवेदक
VS जिला कोषालय अधिकारी ...... अनावेदक
Process id-/2025
पेशी दिनांक - 04/08/2025

**प्रेषिती -**
**1. सर्वसाधारण पता व अन्य**
**2. आम जनता**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भेरूलाल मेवाडे पिता जगन्नाथ निवासी राजगढ़ पता ने मृतक माता सुंदरबाई पति जगन्नाथ निवासी राजगढ़ जिला राजगढ़ म.प्र. की जिला कोषालय राजगढ़ में जमा पेंशन राशि रूपये 6,18,731 राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 04 अगस्त 2025 को नियत है.
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 04 अगस्त 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा.
आज तारीक, 08 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश**
**सुश्री अर्चना मर्सकोले**
**व्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

**कृपया ध्यान दें**
1. यदि किसी कारणवश उस तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.